>**Title:** Request to convert Shriganganagar-Sarupsar Railway line into broad gauge.

**श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र से चुनकर आया हूं।

MR. SPEAKER: You have given your notice at 10.26 a.m.

**श्री निहाल चन्द चौहान :** जी हां।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान राजस्थान प्रान्त के बार्डर एरिया की ओर आकर्षित करते हुए श्रीगंगानगर की ओर दिलाना चाहता हूं। श्रीगंगानगर से सरूपसर तक एक मीटरगेज रेलवे लाइन है जिसको ब्रॉडगेज किया जाना है। माननीय प्रधान मंत्री जी 1998 में हनुमानगढ़ आए थे, उन्होंने भी इस 127 किलोमीटर मीटरगेज रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज करने की घोाणा की थी, किन्तु मुझे खेद के साथ बताना पड़ रहा है कि उस तरफ रेल विभाग ने अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है।

अध्यक्ष महोदय, यह सीमावर्ती प्रान्त की अत्यन्त महत्वपूर्ण रेलवे लाइन है जिसको ब्रॉडगेज किया जाना बहुत आवश्यक है। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से नि वेदन है कि इस 127 किलोमीटर के मीटर गेज रेल मार्ग को शीघ्र ब्रॉड गेज किए जाने की परमीशन दी जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**अध्यक्ष महोदय** : इस बारे में आप रेलवे डिमांड्स की सप्लीमेंट्री ग्रांट्स के समय बोलें, तो बेहतर होगा।